दिन–गुरूवार दिनांक– 21 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मेटा, गूगल और टेलीग्राम सहित प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार पर चिंता व्यक्त की गई। यह बैठक इक्कीस जून को होने वाली नीट–यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा से पहले काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एक अन्य बैठक में, शिक्षा मंत्री ने नीट–यूजी पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, निष्पक्ष और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया।

————————————————————————

मगध विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। लोक भवन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर दिलीप कुमार केसरी को कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। इधर, लोकभवन ने छह विश्वविद्यालयों – ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विद्यालय, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, बी. आर. आम्बेडकर, बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय और जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा में नियुक्ति के लिए बीस जून तक आवेदन मांगे हैं।

————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने चौबीस मई को होने वाली भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए तीन नए परीक्षा केंद्र शुरू किए हैं। आयोग के अनुसार केंद्रों पर भीड़ कम करने के लिए भुवनेश्वर, कानपुर और मेरठ में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। इसके साथ ही देशभर में केंद्रों की कुल संख्या तिरासी हो गई है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि दिव्यांग उम्मीदवारों को उनके पसंदीदा परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएं। इस वर्ष सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार छब्बीस के लिए कुल आठ लाख उन्नीस हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

———————————————————————

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस दिन वर्ष उन्नीस सौ इक्यानवे में पूर्व प्रधानमंत्री आतंकवादियों के षड्यंत्र का शिकार हुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की है। पटना स्थित कांग्रेस समुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज का दिन देशभर में आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा की संस्कृति से दूर करना है। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा समेत अन्य अधिकारियों और कर्मियों ने आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली।

———————————————————————

काल बैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया, किशनगंज, कटिहार समेत राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी– बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। लोगों को सलाह दी गयी है कि इस दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं रहें। इधर, दक्षिण बिहार के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। पटना, गया, नालंदा, भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अधिकतर स्थानों पर लू की स्थिति बनी हुयी है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में अत्यधिक तापमान और उमस के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।

———————————————————————

सुपौल जिले के वीरपुर में शैलशपुर चौकी के पास एसएसबी जवानों ने एक नेपाली महिला के पास से हिरण का सींग बरामद किया है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————

अररिया जिले के पलासी प्रखंड के पांच पंचायतों में आज जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुसूचित जाति, जनजाति समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के खजौली रेलवे स्टेशन के करीब जयनगर–पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन में ट्रैक पर गिरी एक मोटरसाईकिल फंस गयी। ट्रेन के चालक के सूझबूझ के कारण हादसा होने से बच गया। रेल अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————————

नवादा जिले के गोविंदपुर स्थित ककोलत जलप्रपात में प्रवेश और पार्किंग शुल्क को दस गुना तक बढ़ा दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि पर्यटकों की संख्या को नियंत्रित करने, उनकी सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए यह बढ़ोतरी की गयी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।